# Department of Public Administration

## Annual Report (2025-2026)

The Department of Public Administration has organized various activities in session 2025-26. The main aim towards these activities was to enhance interest of students as a discipline because of increase in role as a subject in Public Services and to provide them more theoretical and practical knowledge of subject. The activities which were conducted by Department Session 2025-2026 are following:

1. On September 19, 2025, the Department of Public Administration at Hindu Kanya Mahavidyalaya, Jind organized a webinar on the topic of NEP -2020 "Future Career Choices." The keynote speaker at the webinar was CBSE Resource Person, Mrs. Niharika Dalal. A total of 47 female students participated in the program, and several college professors also registered their presence by joining online via the link.





केसरी

पंजाब केसरी
सोमवार MONDAY, 22 सितम्बर 2025

# एन.ई.पी. 2020 भारत में 34 साल में पहला बड़ा शिक्षा सुधार : निहारिका

## हिंदू कन्या कॉलेज में एन.ई.पी. 2020 फ्यूचर करियर च्वाइसेज पर हुआ वैबीनार

जींद, 21 सितम्बर (ललित) : हिंदू कन्या कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग द्वारा एन.ई.पी. 2020 फ्यूचर करियर च्वाइसेज विषय पर एक वैबीनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संचालन लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डा. रचना दलाल ने आई.क्यू.ए.सी. इंचार्ज डा. गीता गुप्ता के निर्देशन में किया। वैबीनार में मुख्य प्रवक्ता की भूमिका सी.बी.एस.ई. रिसोर्स पर्सन निहारिको दलाल ने निभाई।



*कार्यक्रम में भाग लेती हुई छात्राएं व स्टाफ।*

निहारिका ने व्याख्यान को शुरूआत में नई राष्ट्रीय नीति क्या है, के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एन.ई.पी. 2020 भारत में 34 साल में पहला बड़ा शिक्षा सुधारहै। इसकी मुख्य विशेषता लचीलापन कौशल विकास एवं बहुविषयक शिक्षा तथा उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना है।

यह नीति एक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा में मल्टीपल एंट्री एवं एग्जिट देती है। जैसे उच्च शिक्षा के समय यदि वह एक वर्ष के बाद पढ़ाई छोड़ता है तो एक वर्षीय सर्टीफिकेट, दो वर्ष बाद पढ़ाई छोड़ने पर दो वर्षीय डिप्लोमा, तीन वर्ष बाद तीन वर्षीय स्नातक डिग्री, 4 वर्ष बाद स्नात्तक के साथ रिसर्च अर्थात रिसर्च केंद्रित एडवांस्ड डिग्री प्राप्त करता है एवं विद्यार्थी अपने बीच में छोड़ी पढ़ाई को शुरूआत से शुरू किए बिना दोबारा शुरू कर सकता है।

उन्होंने कहा कि एन.ई.पी. विद्यार्थी केंद्रित, लचीली एवं ग्लोबल स्टैंडर्ड पॉलिसी है। नीति की मल्टीडिसीप्लिनरी अप्रोच ने एक विद्यार्थी को एक साथ भिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया है। जैसे आर्ट्स का विद्यार्थी साथ में कॉमर्स का विषय एवं कॉमर्स एंड साइंस का विद्यार्थी आर्ट्स का विषय अपने विषयों के साथ पढ़ सकता है। इस प्रकार यह नीति बहुमुखी निपुणता आधारित शिक्षा देती है। इसके अतिरिक्त यह इंटर्नशिप, रिसर्च एक्स्पोजर और नवाचार के अवसर प्रदान करती है। उन्होंने एन.ई.पी. के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिलने वाले क्रैडिट्स को प्लेटफार्म डिजिटल लॉकर का प्रयोग करके अपने लिए ए.बी.सी. अर्थात एकैडमिक क्रीटेड बैंक का अकाऊंट बनाना सिखाया।

उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थी के क्रैडिट एक शिक्षा के लिए बैंक खाते में जमा हो जाएंगे। नई शिक्षा नीति रोजगार के उद्यमिता के अवसर देने रिसर्च एवं डिजिटल करियर जैसे आई.एम.ए. मेल डाटा साइंस तकनीक विकास आदि करके एक विद्यार्थी के लिए अपना करियर चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में कुल 47 छात्राओं ने भाग लिया एवं महाविद्यालय की कई प्राध्यापिकाओं ने भी लिंक के माध्यम से ऑनलाइन जुड़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस मौके पर सुरभि, डा. रचना दलाल ने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान डा. अंशुल सिंगला एवं प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कार्यक्रम के सफल संचालन पर लोक प्रशासन विभाग को बधाई दी।

2. October 11, 2025, the Department of Public Administration at Hindu Kanya Mahavidyalaya, Jind, organized an essay-writing competition on International Girl Child Day. The program was presided over by the college's Principal, Dr. Poonam Mor, and conducted by the Head of the Department of Public Administration. The theme of competition was "I am a girl, I lead change: Girls on the front lines of crisis." A total of 24 students participated in the competition. Assistant Professor Mrs. Kranti of the Department of Political Science and Assistant Professor Mrs. Shivani Garg of the Department of Computer Science served as judges. Following students secured position in Essay-Writing Competition: -

| Name | Class | Roll.no. | Position |
|---|---|---|---|
| Neeraj | BA 3rd year | 1231153126 | 1st |
| Manisha | BA 3rd year | 1231153076 | 2nd |
| Renu | BA 3rd year | 1231153134 | 3rd |
| Sakshi Lathar | BA 1st year | 1251153248 | 3rd |
| Garima | BA 3rd year | 1231153171 | Consolation Prize |











जींद केसरी

बुधवार WEDNESDAY, 15 अक्तूबर 2025

# प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की नीरज रही प्रथम

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में हुई अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता

जींद, 14 अक्तूबर (ललित) : हिंदू कन्या कॉलेज के लोक प्रशासन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संचालन लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डा. रचना दलाल ने किया।

डा. रचना ने बताया कि इस दिवस की पहल प्लान इंटरनैशनल गैर सरकारी संगठन द्वारा चलाए गए 'क्योंकि मैं एक लड़की हूं' नामक अभियान से हुई। एन.जी.ओ. एवं कनाडा सरकार की महिला मंत्री श्रोना एम्ब्रोस के प्रयास स्वरूप 19 दिसम्बर 2011 को संयुक्त राष्ट्र ने इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के निर्णय के आधार पर 11 अक्तूबर को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि हर साल 50 से ज्यादा देशों में इस दिवस को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इसे सर्वप्रथम बाल विवाह समाप्त करना थीम के साथ मनाया गया था।

प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

इस साल अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 11 अक्तूबर की थीम मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां है। यह थीम उन चुनौतियों के सामने लड़कियों की दृढ़ता और नेतृत्व पर प्रकाश डालती है, जिनका वे सामना करती हैं और उन्हें परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में देखती है।

उन्होंने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना, बालिकाओं के जीवन को विकसित करना और लोगों को महिलाओं की चुनौतियों के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही महिलाओं की देश और समाज के विकास में भूमिका बढ़ाने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीति शास्त्र विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर क्रांति एवं कंप्यूटर साइंस विभाग की असिस्टैंट प्रोफैसर शिवानी गर्ग ने निभाई।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में नीरज बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम, मनीषा बी.ए. तृतीय वर्ष द्वितीय, रेनू बी.ए. तृतीय वर्ष एवं साक्षी लाठर बी.ए. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में गरिमा बी.ए. तृतीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

प्राचार्या डा. पूनम मोर ने विजेता छात्राओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं की सराहना की और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

दैनिक जागरण पानीपत, 15 अक्टूबर, 2025

**Dr. Rachna Dalal**
**In charge, Public Administration**